<u>गुरु नानक कॉलेज, धनबाद</u>

<u>लाइब्रेरी द्वारा एक वेबिनार "**लाइब्रेरिज एंड रीडिंग**" का आयोजन</u>

दिनांक 24 जनवरी , को गुरु नानक कॉलेज - लाइब्रेरी द्वारा एक वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार "लाइब्रेरिज एंड रीडिंग" पर था। इस वेबिनार के गेस्ट स्पीकर दिल्ली यूनिवर्सिटी , डिपार्टमेंट लाइब्रेरी साइंस के हेड ऑफ़ डिपार्टमेंट प्रो. शैलेन्द्र कुमार थे। अतिथि वक्ता ने विभिन्न संदर्भ और रेफरल स्रोतों, थिसॉरस, विश्वकोश, भाषा और विषय शब्दकोश आदि पर प्रकाश डाला। वह अनुक्रमण, सार और इलेक्ट्रॉनिक पुस्तकालय पर भी जोर देते हैं। उनका सुझाव है कि छात्रों के लिए गुरु नानक कॉलेज इस क्षेत्र की पहली इलेक्ट्रॉनिक लाइब्रेरी का निर्माण करे| यह लाइब्रेरी एक ओपन प्लेटफार्म हो जिसे न केवल गुरु नानक कॉलेज के छात्र बल्कि हर शिक्षण संस्थान के छात्र लाभान्वित हो।

इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ संजय प्रसाद ने पुस्तकालय और पठन-पाठन के महत्व पर भी प्रकाश डाला। इस वेबिनार कार्यक्रम का परिचय बोधन, मंच संचालन सह तकनिकी सहयोग कॉलेज के पुस्तकालयाध्यक्ष सुश्री नुसरत परवीन के द्वारा किया गया।

इस अवसर पर प्रो. अमरजीत सिंह, डॉ. रंजना दास, प्रो. दीपक कुमार , डॉ. मीना मालखंडी, प्रो.संजय सिन्हा, प्रो वर्षा सिंह, प्रो. दिलजीत सिंह, प्रो. उदय सिन्हा , प्रो पुष्पा तिवारी, प्रो पीयूष अग्रवाल, प्रो. साधना सिंह, प्रो. अनुराधा सिंह समेत अन्य शिक्षकगण उपस्थित थें।